1	2	3
23	Tripura	1
24	Uttar Pradesh	17
25	West Bengal	30
	UNION TERRITORIES	
26	Andaman & Nicobar Islands	7
27	Chandigarh	3
28	Daman & Diu	—
29	Delhi	3
30	Dadar & Nagar Haveli	—
31	Pondicherry	1
32	Lakshadweep	—
		6 80

II *Number of cases pending under scheme of laying of synthetic Tracks/artificial surfaces*

Sl. No.		Application
1.	Andhra Pradesh	1
2.	Maharashtra	2
3.	Orissa	1
		4

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पॉलिटेकनिक

2381. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार 1991-92 में उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर जौनपुर और सुल्तानपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ पालिटेकनिक खोलने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उन राज्यों के नाम क्या-क्या हैं, जहां 1990-91 में पालिटेकनिक स्थापित किए जाने का विचार है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) जी, नहीं, आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर, जगदीशपुर (सुल्तानपुर) और अमेठी (सुल्तानपुर) में विद्यमान पालिटेकिनिक इन क्षेत्रों की आवश्यकतायें पूरी करते हैं ।

(ग) वर्ष 1990-91 में असम गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों ने पालिटेकनिक गठित करने का प्रस्ताव किया था ।

गुजरात में पॉलिटेकनिक

2382. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में चल रहे पालिटेकनिकों की संख्या कितनी है ;

(ख) वे कहां-कहां पर स्थिति हैं ;

(ग) क्या सरकार राज्य में कुछ और पालिटेकनिक स्थापित करने का विचार रखती है ;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?